प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 15.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को बनाया प्रत्याशी, झामुमो केन्द्रीय समिति की बैठक आज।

2. कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की लगातार तीसरे दिन आज अपने विभागों के कार्यों की कर रही हैं समीक्षा, कहा– पूंजी की कमी से जूझ रहे लैंप्स पैक्स को दिया जाएगा ब्याज मुक्त लोन।

3. पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास रामगढ़ में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में हुए शामिल, झारखंड को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने पर दिया जोर।

4. धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर में वॉकथॉन, वृक्षारोपण और अमृत संवाद का आयोजन, डीआरएम ने दिया स्वच्छता का संदेश।
   और
5. रांची में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता का समापन, रांची जिला तीनों आयु वर्गों में चैंपियन।

******************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। भाजपा ने एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को अपना प्रत्याशी बनाया है। पिछले विधानसभा चुनाव में भी श्री सोरेन को टिकट दिया गया था लेकिन वे शिकस्त खा गये थे। इधर, झामुमो ने भी आज रांची में विस्तारित केन्द्रीय समिति की बैठक बुलाई है। इस बैठक में पार्टी प्रत्याशी के नाम पर मुहर लगने की संभावना है।

******************

कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की लगातार तीसरे दिन आज अपने विभागों के कार्यों की समीक्षा कर रही हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि झारखंड में पूंजी की कमी से जूझ रहे लैंपस पैक्स को विशेष योजना के तहत ब्याज मुक्त लोन मुहैया कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोन के ब्याज की राशि का वहन सरकार करेगी। मंत्री सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक में बोल रही थी। मंत्री ने कहा कि झारखंड के करंज की लगातार बढती मांग को देखते हुए टरबेरा कंपनी ने करीब 33 एमटी करंज की खरीद झारखंड के किसानों से की है जो उत्साहजनक है। इसी तरह मिलेट और मधु को भी आगे बढ़ाने की दिशा में विभाग लगातार काम कर रहा है।

******************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने कहा है कि स्वदेशी के जरिये झारखंड को आत्मनिर्भर और विकसित बनाया जा सकता है। वे रामगढ़ में आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास से लोकल फ़ॉर वोकल अब लोकल फ़ॉर ग्लोबल हो गया है।

******************

उधर, हजारीबाग में भाजपा कार्यकर्ता स्वदेशी अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने लिए शपथ पत्र भर रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक हरीश श्रीवास्तव ने बताया कि यह शपथ पत्र पार्टी मुख्यालय भेज कर यह बताया जाएगा कि हजारीबाग के लोग स्वदेशी सामान उपयोग करने के लिए वचनबद्ध हैं।

******************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में 16वीं अंतर्राष्ट्रीय रेल उपकरण प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह एशिया की सबसे बड़ी और विश्व की दूसरी सबसे बड़ी रेल प्रदर्शनी है। इसमें 15 से अधिक देशों के चार सौ पचास से ज्यादा प्रदर्शक आधुनिक रेल और मेट्रो उत्पाद, नवाचार और टिकाऊ समाधान दिखा रहे हैं। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया है।

******************

राजधानी रांची के कटहल मोड़ क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने एक सीमेंट कारोबारी को गोली मारकर घायल कर दिया। सूचना मिलते ही रातू और नगड़ी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। हमलावर घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। घायल को अस्पताल ले जाया गया है।

******************

धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज वॉकथॉन, वृक्षारोपण और अमृत संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीआरएम अखिलेश मिश्र ने किया। मौके पर नगर आयुक्त रविराज शर्मा भी मौजूद थे। डीआरएम ने कहा कि रेलवे का प्रयास है कि हर यात्री स्वच्छता के महत्व को समझे और उसका पालन करे।

******************

भारतीय प्रतिभूत और विनियम बोर्ड –सेबी द्वारा जमशेदपुर में चल रहे स्वदेशी मेले में निवेशकों को ट्रेडिंग के प्रति जागरूक करने उद्देश्य से एक स्टॉल लगाया गया है। मौके पर मौजूद सेबी सलाहकार द्वारा निवेशकों को निवेश और ऑनलाइन फ्रॉड से बचने की जानकारी दी जा रही है।

******************

बोकारो जिले में स्वास्थ्य विभाग कुपोषित बच्चों का डेटा तैयार कर रहा है ताकि उनका समय पर इलाज हो सके।

******************

भारत रत्न, विख्यात वैज्ञानिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की आज जयंती है। झारखंड समेत पूरे देश में इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनका स्मरण किया है। इधर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी उनका नमन किया है।

******************

बेंचमार्क घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में लगभग 0.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। ताज़ा रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 459 अंक बढ़कर 82 हजार 489 पर और निफ्टी 155 अंक बढ़कर 25 हजार 301 पर पहुंच गया।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 16 हजार 500 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 90 हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

राज्य के 16 जिलों में कल और परसों आंशिक बादल छाए रहेंगे। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी है। विभाग के अनुसार राज्य के जिन जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे उनमें राज्य के मध्यवर्ती जिले रांची, रामगढ़, खूंटी, हजारीबाग, बोकारो, गुमला, धनबाद, कोडरमा और लोहरदगा के अलावा राज्य के पश्चिमी जिले गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार शामिल हैं।

*******************

रांची के खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स कांफ्रेंस हॉल में आयोजित राज्यस्तरीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता का समापन हो गया है। प्रतियोगिता में राज्यभर से साढ़ तीन सौ खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बालकों की स्पर्द्धा में तीनों आयु वर्ग अंडर–14, 17 और 19 में रांची चैंपियन बनी। वहीं बालिका वर्ग में पश्चिमी सिंहभूम अंडर–14 और 17 में तथा पूर्वी सिंहभूम ने अंडर–19 में प्रथम स्थान हासिल किया।

*******************